DATE :- 29-12-2025

DAINIK BHASKAR, PAGE-ii, SURAT


रत भास्कर

दैनिक भास्कर

सूरत, सोमवार, 29 दिसंबर, 2025


# मेट्रो रेल प्रोजेक्ट: भटार चार रास्ते के फ्लाईओवर से 7.5 मीटर ऊंचाई पर 34 मीटर लंबा गर्डर लॉन्च किया





▪ फोटो: हेतल शाह

**सूरत** | मेट्रो की लाइन-1 में ड्रीम सिटी से कादरशा की नाल तक 11 किमी एलिवेटेड सेक्शन का काम तेज रफ्तार से चल रहा है। इसी सेक्शन के भटार चार रास्ते पर फ्लाई ओवर ब्रिज के ऊपर 34 मीटर लंबे स्टील गर्डर की सफल लॉंचिंग की गई। यह गर्डर फ्लाई ओवर ब्रिज से 7.5 मीटर की ऊंचाई पर लॉन्च किया गया है। बता दें कि ड्रीम सिटी से कादरशा की नाल तक का रूट प्रायोरिटी रूट है। इसी पर मेट्रो ट्रेन के सबसे पहले ट्रायल करने की संभावना है।